# राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र अजमेर में हिन्दी माह 2022 का आयोजन

भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् - बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र , अजमेर में इस वर्ष हिन्दी माह का आयोजन दिनांक 1-30 सितम्बर ,2022 के दौरान किया गया | इस अवधि में डा. शैलेन्द्र नाथ सक्सेना, निदेशक, रा. बी. मा. अनु. केंद्र, अजमेर ने सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों द्वारा राजभाषा हिन्दी में कार्य को प्रोत्साहित किया गया| डा. बृजेश कुमार मिश्र, प्रभारी राजभाषा अधिकारी, द्वारा कार्यालय सम्बन्धी सभी कार्य हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग, भारत सरकार के वार्षिक कार्यक्रम-2022-23 के अनुसार कार्यालय कार्यो का निष्पादन विषय पर आवश्यक जानकारी दी गई|

इसी हिंदी माह के निदेशक महोदय की अध्यक्षता में विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण भी किया गया जिसमे हिन्दी के प्रगामी प्रयोग एवं राजभाषा अधिनियम के अनुरूप कार्य करने पर विशेष बल दिया गया|

इस अवधि में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमे इस केंद्र के सभी वर्ग के कार्मिकों ने हिस्सा लिया| इसी कड़ी में 14 सितम्बर 2022 को हिंदी दिवस के अवसर पर डा. शैलेन्द्र नाथ सक्सेना , निदेशक, रा. बी. मा. अनु. केंद्र, अजमेर द्वारा कृषि विज्ञान एवं बीजीय मसाला फसलों के उत्पादन विधियों को सरल एवं सामान्यतया प्रयोग में आनेवाले शब्दों के द्वारा किसानोपयोगी प्रसार सामग्री के प्रकाशन पर ध्यान देने की आवश्यकता को बताया| इस दौरान तत्काल भाषण कार्यक्रम में प्रतिभागी वैज्ञानिकों तथा कार्मिकों द्वारा यूक्रेन युद्ध, सोशल मीडिया, आत्म निर्भर कृषि के योगदान तथा अन्य सम-सामयिक विषयों पर विचार प्रस्तुत किये। राजभाषा हिंदी चेतना मास के अंतर्गत एक वाद-विवाद प्रतियोगिता "आधुनिकता की दौड़ में मानवता: विकास या विनाश ?" विषय पर 14-09-2022 को आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न सभी वर्ग के कार्मिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया | हिन्दी माह की प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम 29 सितम्बर 2022 को निदेशक महोदय की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सभी विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरुस्कार राशि प्रदान की गयी | इस हिन्दी माह -2022 के विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का समन्वयन डा. बृजेश कुमार मिश्र, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी राजभाषा अधिकारी, रा. बी. मा. अनु. केंद्र, अजमेर ने किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों की सूची निम्नलिखित तालिका में प्रस्तुत हैं|

| क्र. स. | प्रतियोगिता कार्यक्रम | पुरस्कार | विजेता प्रतिभागी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | वाद-विवाद प्रतियोगिता: - पक्ष एवं विपक्ष (सभी वर्गों के लिए) | प्रथम (एक)<br>द्वितीय(एक)<br>तृतीय(एक):<br>प्रोत्साहन(एक) | श्री मुकेश कुमार विशाल<br>श्री सुनील कुमार अग्रवाल<br>डा.संजय कुमार<br>डा. शिव लाल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | तत्काल/आशु भाषण प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए) | प्रथम(एक)<br>द्वितीय(एक)<br>तृतीय(एक)<br>प्रोत्साहन(एक) | डा.महेश कुमार महात्मा<br>डा. आर. एस. मीना<br>डा. आर. डी. मीना<br>श्री संजीव शर्मा |
| 3 | प्रारूप/टिप्पणी-लेखन प्रतियोगिता | प्रथम(एक)<br>द्वितीय(एक)<br>तृतीय(एक)<br>प्रोत्साहन(एक) | श्री संजीव शर्मा<br>श्री अमित गुप्ता<br>श्री राजकुमार कांवरिया<br>श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल |
| 4 | बीजीय मसालों पर एक अथवा दो पंक्ति में स्वरचित तुकबंदी /प्रचार वाक्य / टैग लाइन (सभी वर्गों के लिए) | प्रथम(एक)<br>द्वितीय(एक)<br>तृतीय(एक)<br>प्रोत्साहन(एक) | श्री अमित गुप्ता<br>श्री राजकुमार कांवरिया<br>डा. चेतन कुमार जांगिड़<br>श्री सुनील कुमार अग्रवाल |
| 5 | कार्यालय में हिंदी कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहन | प्रोत्साहन(चार) | श्रीमती सरला देवी<br>श्री पुखराज परोदा<br>श्री श्रीराम बलाई<br>श्री जी के त्रिपाठी |

इस माह के अंर्तगत संस्थान द्वारा प्रकाशित राजभाषा हिंदी पत्रिका – मसाला सुरभि के नए अंक का विमोचन डा. शैलेन्द्रनाथ सक्सेना द्वारा किया गया | इस हिंदी माह के सफल क्रियान्वयन हेतु डा. बृजेश कुमार मिश्र , प्रभारी राजभाषा अधिकारी ने निदेशक एवं समस्त वैज्ञानिकों, तकनिकी अधिकारियों, प्रशासनिक वर्ग एवं सहायक कार्मिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया |

(डा. बृजेश कुमार मिश्र)

प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी राजभाषा अधिकारी,

हिन्दी चेतना मास
1 से 30 सितम्बर, 2022

हिन्दी चेतना मास
1 से 30 सितम्बर, 2022
भा.कृ.अनु.प. – राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र
अजमेर

हिन्दी चेतना मास

हिन्दी चेतना मास